ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ — 2025

**STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION — 2025**

ಜಿಲ್ಲೆ : ವಿಜಯನಗರ-TA

**District : VIJAYANAGAR-TA**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : **61-H**

**Subject Code : 61-H**

ದಿನಾಂಕ : 01. 03. 2025 ]

[ Date : 01. 03. 2025

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ]

[ Max. Marks : 80

---

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट शामिल होगा ।

PPT/3350

[ Turn over

Scanned with OKEN Scanner

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8

1. 'रात' शब्द का विलोम रूप है –

(A) शाम (B) निशा

(C) संध्या (D) दिन

2. 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) मान (B) श्रीमती

(C) महिला (D) पुरुष

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है –

(A) बातें (B) आँखें

(C) पैसा (D) कपड़े

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) दिखाना (B) दिखावट

(C) देखना (D) दिखवाना



Scanned with OKEN Scanner

5. 'वनौषध' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण्

6. 'जलप्रपात' शब्द में समास है –

(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व

(C) द्विगु (D) तत्पुरुष

7. क्या आप मैसूरु जा रहे हैं ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्ण विराम

(C) अल्प विराम (D) अर्धविराम

8. रमेश कलम .............. पत्र लिखता है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) पर (B) में

(C) से (D) को



Scanned with OKEN Scanner

**II.** **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुद्दीन : .........

10. पं० राजकिशोर : मजदूरों के नेता : : वर्मा : .. .................

11. टोली का नाम : बाल–शक्ति : : टोली का मुखिया : ............

12. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : ....................

**III.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?

14. बच्चों की तारीफ किसने की ?

15. समय की पहचान कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?

16. नंद और यशोदा का रंग कैसा था ?



Scanned with OKEN Scanner

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : **8 × 2 = 16**

17. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?

18. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

19. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

20. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

21. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

23. शनि सौर–मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

24. महात्मा गांधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

**अथवा**

अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?



Scanned with OKEN Scanner

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27**

25. सब्जी और फलों के महत्व के बारे में लेखक प्रेमचंद जी के विचार क्या हैं ?

26. गिल्लू के अंतिम दिन का विवरण दीजिए ।

27. बसंत स्वाभिमानी तथा ईमानदार लड़का है । कैसे ? समझाइए ।

28. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट के महत्व के बारे में लिखिए ।

29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने क्या किया ? विवरण दीजिए ।

30. मातृभूमि के प्रकृति–सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? बताइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में चंदन के पेड़ अधिक मात्रा में हैं । इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहते हैं । यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं ।



Scanned with OKEN Scanner

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................

..........................................

..........................................

.............................. भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**

36. गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी की निःस्वार्थ सेवाओं से प्रभावित हुए और इसलिए उन्होंने स्वतंत्र भारत का संविधान बनाने के लिए डॉ० अम्बेडकर जी को आमंत्रित किया । देशरत्न डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी की अध्यक्षता में डॉ० अम्बेडर जी ने स्वतंत्र भारत का संविधान बनाया । भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना गया है । अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय ने डॉ० अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष में 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि प्रदान की । यह संविधान 26 जनवरी, 1950 ई० से देश में लागू हुआ । वे भारत के प्रथम विधि मंत्री बने ।

(अ) गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी से किस कारण प्रभावित हुए ?

(आ) संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान किसे माना गया है ?

(इ) अम्बेडकर जी को 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि क्यों मिली ?

(ई) भारत का संविधान कब से देश में लागू हुआ ?



Scanned with OKEN Scanner

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

37. (क) **इंटरनेट**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ इंटरनेट से लाभ
- ✳ इंटरनेट से हानि
- ✳ उपसंहार ।

(ख) **बेरोजगारी**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ बेरोजगारी के कारण
- ✳ बेरोजगारी दूर करने के उपाय
- ✳ उपसंहार ।

(ग) **पर्यावरण प्रदूषण**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ प्रदूषण के प्रकार
- ✳ प्रदूषण के कारण
- ✳ परिहारोपाय
- ✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. कोई सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए माताजी को एक पत्र लिखिए ।



Scanned with OKEN Scanner